| |
|---|
| दिनांक 26.01.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 26/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा गणतन्त्र दिवस–2023 के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया

श्री देवेन्द्र सिंह चौहान, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आज दिनांक 26 जनवरी, 2023 को पुलिस मुख्यालय गोमती नगर विस्तार के प्रांगण में **गणतन्त्र दिवस** के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को शुभकामनायें देते हुए भारतीय गणतन्त्र दिवस के अवसर पर संकल्प दिलाया गया एवं मुख्यालय में नियुक्त निम्न पुलिस कार्मिकों को पदक से अलंकृत किया गया :–

जनपद चित्रकूट में थाना बहिलपुरवा क्षेत्रान्तर्गत हुई साहसिक पुलिस मुठभेड़ में सम्मलित कर्मियों द्वारा अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया गया। पुलिस बल का मनोबल बढ़ाये रखने हेतु उक्त साहसिक मुठभेड़ में सम्मलित पुलिस कर्मियों को उ0प्र0 शासन द्वारा प्रत्येक कर्मी को रूपया 03 लाख नगद, 01 पिस्टल एवं **मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 के हस्ताक्षरयुक्त प्रशस्ति–पत्र** प्रदान किया गया है, जिन्हें गणतंत्र दिवस–2023 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक द्वारा सम्मानित किया गया।

1. **श्री प्रशान्त कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, कानून–व्यवस्था, उ0प्र0।**
2. **श्री अमिताभ यश, अपर पुलिस महानिदेशक, एस0टी0एफ0, उ0प्र0।**
3. श्री जय प्रकाश राय, निरीक्षक एस0टी0एफ0, उ0प्र0।
4. श्री अमित तिवारी, उप निरीक्षक, एस0टी0एफ0, उ0प्र0।
5. श्री राजकुमार शुक्ला, मुख्य आरक्षी एस0टी0एफ0, उ0प्र0।
6. श्री शिवानन्द शुक्ला, आरक्षी एस0टी0एफ0, उ0प्र0।
7. श्री विनोद कुमार सिंह, कमाण्डो, एस0टी0एफ0, उ0प्र0।
8. श्री अस्तभान यादव, कमाण्डो, एस0टी0एफ0, उ0प्र0।

**'उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह'**

1. श्री राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, निरीक्षक नागरिक पुलिस, डीजीपी मुख्यालय

**'सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह'**

1. श्री निगवेन्द्र सिंह, मुख्य आरक्षी चालक, डीजीपी मुख्यालय

**'पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (प्लेटिनम)**

1. श्री कृष्ण कुमार सिंह, निरीक्षक (गोपनीय), डीजीपी मुख्यालय

**'पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (गोल्ड)**

1. श्री श्रीकान्त यादव, मुख्य आरक्षी पीएसी, डीजीपी मुख्यालय

**'पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (सिल्वर)**

1. श्री श्रीप्रकाश तिवारी उप निरीक्षक, सशस्त्र पुलिस, विधि प्रकोष्ठ, डीजीपी मुख्यालय

**पुलिस पदक**

1. डा0 अरविन्द चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक, सर्तकता अधिष्ठान।

**पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा उक्त अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा गया कि :–**

प्रिय साथियों,

74वें गणतन्त्र दिवस के पावन अवसर पर आज सम्पूर्ण देश राष्ट्रप्रेम की भावना से अभिभूत होकर पूरे हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व मना रहा है।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर मैं उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी जवान उनके परिवारीजन एवं अधिकारियों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

जैसा कि आप सभी जानते हैं कि वर्ष 1950 में आज ही के दिन भारत का संविधान अंगीकृत किया गया था। देश को प्रभुत्व सम्पन्न लोकतान्त्रिक गणराज्य बनाने का संकल्प लिया गया था। आज का दिन हमें राष्ट्रगौरव एवं स्वाभिमान की अनुभूति कराता है।

अत्यन्त हर्ष की बात है कि गणतन्त्र दिवस–2023 के अवसर पर भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को विशिष्ट सेवा के लिये 05 पदक व सराहनीय सेवा के लिये 74 पदक प्रदान कर गौरवान्वित किया है।

मेरे द्वारा 45 पुलिस कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, 204 पुलिस कार्मिकों को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, 492 पुलिस कार्मिकों को पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह (Commendation Disc) प्रदान किया गया है। आप सभी पुलिस कार्मिकों को मेरी ओर से हार्दिक बधाई।

मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा पुलिस की कार्य प्रणाली, आधुनिक चुनौतियों के अनुरूप गुणवत्तापरक हो, साथ ही जनभावनाओं व जन अपेक्षाओं के भी अनुरूप हो, इस दूरदर्शी परिकल्पना के दृष्टिगत वर्ष–2022 में 03 जनपदों प्रयागराज, आगरा व गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू की गयी। वर्तमान में प्रदेश में कुल 07 पुलिस कमिश्नरी क्रियाशील है।

बेहतर एवं अधिक प्रभावी पुलिसिंग हेतु पुलिस के प्रत्येक रैंक को 'रंगो' के एक समान के निशान के रूप में प्रतीक चिन्ह (Insignia) अपनी वर्दी पर धारण करने के लिये प्रदान किया गया।यह एक टीम भावना एवं एकरूपता को दर्शाता है।

मादक पदार्थों के अवैध व्यापार की रोकथाम हेतु एण्टी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स (ANTF) का गठन कर 03 एण्टी नारकोटिक्स थाने और 05 ऑपरेशनल यूनिट की स्थापना की गयी है। साथ ही भ्रष्टाचार निवारण संगठन (ACO) की 08 नयी इकाईयों की स्थापना की गयी है।

महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाते हुये PAC की 03 महिला बटालियन सहित 02 अन्य PAC बटालियन के स्थापना की सहमति उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राप्त हुयी है।

साइबर अपराध की रोकथाम हेतु परिक्षेत्रीय मुख्यालयों में साइबर क्राइम थानों की स्थापना करते हुये जनपदीय मुख्यालयों पर साइबर क्राइम थानों के स्थापना की कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस परिवार के कल्याणार्थ एवं सुख–सुविधा हेतु प्रदेश के जनपदों के पुलिस लाइन्स, थानों, चौकियों व पीएसी की वाहिनियों में पुरूष एवं महिला कर्मियों के लिये अलग–अलग हॉस्टल, बैरक, आवासों का निर्माण करने की स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान की गयी है।

कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाये रखने हेतु शासन द्वारा विभिन्न कमिश्नरेट/जनपदों में 41 नये थानों व 35 नयी पुलिस चौकियां स्थापित की गयी है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनता की सुरक्षा के दृष्टिगत आग से बचाव हेतु प्रदेश की 07 तहसीलों में नये अग्निशमन केन्द्रों की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है।

प्रदेश के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा प्रबंध हेतु उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (UPSSF) एवं आपदाओं में राहत पहुँचाने हेतु राज्य आपदा मोचन बल (SDRF) को सुदृढ़ किया गया है।

मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश पुलिस में खिलाड़ियों को सेवायोजन का सुनहरा अवसर प्रदान करते हुये, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 534 (335 पुरूष व 199 महिला) आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर कुशल खिलाड़ियों के सेवायोजन की प्रक्रिया की जा रही है। विगत एक वर्ष में पुलिस विभाग में 9,758 उपनिरीक्षक व 18,423 आरक्षी पदों पर भर्तियां की गयी है। महिलाओं की पुलिस विभाग में भागीदारी अधिक से अधिक हो, इसके दृष्टिगत उ0प्र0 सरकार द्वारा भर्तियों में महिलाओं के लिये 20 प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान किया गया है।

मा0 मुख्यमंत्री महोदय की प्रेरणा, उनके अमूल्य निर्देशन एवं अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत् माफियाओं व आपराधिक तत्वों के विरूद्ध उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही की है, जिसके फलस्वरूप अपराध दर में अत्यधिक कमी आयी है। मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप अभियुक्तों को सजा दिलवाने के ग्राफ में भी उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुयी है, जिससे पुलिस की छवि में सुधार एवं जनविश्वास में बढ़ोत्तरी हुयी है।

गैंगेस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के अन्तर्गत आपराधिक कृत्य से अर्जित की गयी लगभग 3600 करोड़ रूपये से अधिक की चल व अचल सम्पत्तियों पर शिकंजा कसते हुये सरकारी जमीन अवमुक्त कराने, अवैध कब्जे के ध्वस्तीकरण एवं जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। पुलिस द्वारा की गयी वैधानिक आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पाँच लाख रू0 के पुरस्कार घोषित अपराधी सुभाष व सभापति सहित 50 हजार रू0 और उससे अधिक के 69 पुरस्कार घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रदेश के चिन्हित 50 माफिया व उनके गैंग के सदस्यों, सहयोगियों के विरूद्व अब तक लगभग 2500 करोड़ रूपये से अधिक की सम्पत्ति की जब्तीकरण, ध्वस्तीकरण एवं अवैध कब्जे से अवमुक्त की कार्यवाही की गयी है।

सोशल मीडिया के माध्यम से फर्जी व भ्रामक खबरें फैलाने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की गयी है। जनशिकायतों का समाधान एवं निरन्तर संवाद द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस की सोशल मीडिया ने जनता का विश्वास अर्जित किया है।

उत्तर प्रदेश पुलिस को उत्कृष्ट कार्यो हेतु राष्ट्रीय स्तर पर e-Prosecution में लगातार दूसरे वर्ष भी प्रथम स्थान आने पर गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गयी। NCRB एवं MHA द्वारा आयोजित कॉन्फ्रेंस में ICJS परियोजना के अन्तर्गत फॉरेन्सिक क्षेत्र में विशेष योगदान पर उत्तर प्रदेश पुलिस को राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार की ट्रॉफी प्रदान की गयी।

कानून व्यवस्था में हुये आमूलचूल सुधारों ने उत्तर प्रदेश में एक बेहतर वातावरण उपलब्ध कराकर देश एवं विदेश के निवेशकों को प्रदेश में आकर्षित किया है। आगामी माह में प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट एवं G-20 समिट से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन होना प्रस्तावित है, जिसमें देश व विदेश के इन्वेस्टर व महानुभावों को सम्मिलित होना है। वृहद स्तर पर होने वाले उक्त दोनो महत्वपूर्ण विश्वस्तरीय कार्यक्रमों को हमें सकुशल सम्पन्न कराना है।

साथियों, चुनौतियां बहुत हैं, मुझे पूर्ण विश्वास है कि उत्तर प्रदेश पुलिस में सभी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने की शक्तियां मौजूद हैं। हम सब उच्चकोटि की व्यवसायिक दक्षता से उन शक्तियों को जागृत कर उत्तर प्रदेश सरकार की कानून–व्यवस्था संबंधी सभी प्राथमिकताओं को पूर्ण करेंगे तथा हमारी गौरवशाली परम्पराओं को आगे बढ़ाते हुये नये कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

गणतन्त्र दिवस के अवसर पर मैं पुनः आप सभी को हार्दिक शुभकामनायें देता हूँ और अपेक्षा करता हूँ कि आप देश की एकता, अखंडता तथा सम्प्रभुता को अक्षुण्य बनाये रखने में उपलब्ध संसाधनों एवं जनशक्ति का सदुपयोग करते हुये, जनता की सेवा करने में हमेशा अग्रणी रहेंगे और कठिन परिश्रम, निष्ठा, ईमानदारी और उत्तम आचरण से पुलिस की छवि उज्जवल बनाने के प्रति अग्रसर रहेंगे।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा अपने उद्बोधन में डीजीपी मुख्यालय सोशल मीडिया टीम के कार्यो की सराहना करते हुये कहा गया कि टीम द्वारा आउट स्टैंडिंग कार्य किया गया, जिसकी सराहना प्रदेश के पुलिस प्रमुखों एवं राष्ट्रीय स्तर पर गृह विभाग द्वारा की गयी है। आज इस अवसर पर श्री राहुल श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक व उनकी टीम को डीजी प्रशंसा चिन्ह प्रदान करने की घोषणा की गयी।

पुलिस मुख्यालय कन्ट्रोल रूम के कर्मियों द्वारा 24X7 मेहनत एवं लगन से निरन्तर कार्य करने की प्रशंसा करते हुये कन्ट्रोल रूम टीम को डीजी प्रशंसा चिन्ह प्रदान करने की घोषणा की गयी ।

विगत दिवस में कमिश्नरेट लखनऊ में बिल्डिंग गिरने की सूचना पर उत्तर प्रदेश पुलिस के शक्ति एवं धैर्य का ज्वलंत उदाहरण देखने को मिला, जहॉ पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व कमिश्नरेट लखनऊ पुलिस के जवानों द्वारा हाथ से हाथ मिलाकर लगभग 36 घण्टे लगातार एक ही साथ टीम भावना से कार्य करते हुये सक्सेजफुल ऑपरेशन कर 14 नागरिकों को सकुशल बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की गयी, ऑपरेशन में सराहनीय कार्य करने वाली महिला उ0नि0 निशा सिंह व एनडीआरएफ के जवान रविन्द्र को डीजी प्रशंसा चिन्ह प्रदान करने की घोषणा की गयी।




पुलिस मुख्यालय
गणतंत्र
दिवस
2023


गणतंत्र


उत्तर प्रदेश पुलिस








